# कार्यालय कलेक्टर (खनिज) जिला बलरामपुर–रामानुजगंज (छ.ग.)

क्रमांक /851 /स्था./नियुक्ति/2017 बलरामपुर, दिनांक 14/08/2017

प्रति,

**जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी**

(एन.आई.सी.)

जिला बलरामपुर–रामानुजगंज

**विषय :– जिला खनिज संस्थान न्यास मद अन्तर्गत विज्ञापन प्रकाशित करने के सम्बन्ध में।**

–0–

विषयान्तर्गत जिला खनिज संस्थान न्यास मद अन्तर्गत नियुक्त हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किया जाना है।

अतः जिला खनिज संस्थान न्यास मद अन्तर्गत नियुक्ति हेतु संलग्न विज्ञापन का प्रारूप जिला बलरामपुर–रामानुजगंज के बेवसाईट www.balrampur.gov.in पर प्रकाशित किये जाने का कष्ट करें।

संलग्न :– विज्ञापन की प्रति।

कलेक्टर

बलरामपुर–रामानुजगंज

पृष्ठां. क्रमांक /852 /स्था./नियुक्ति/2017 बलरामपुर, दिनांक 14/08/2017

प्रतिलिपि :–

1. जन सम्पर्क अधिकारी जिला बलरामपुर–रामानुजगंज को सूचनार्थ एवं प्रकाशनार्थ।
2. संवाददाता.......................................................................को अग्रेषित कर लेख है कि उक्त विज्ञापन सरगुजा संभाग के क्षेत्रीय पृष्ठ पर न्यूनतम आकार में रूपये 5000.00 (पॉच हजार रूपये) वित्तीय सीमा के भीतर प्रकाशित करने का कष्ट करें।

कलेक्टर

बलरामपुर–रामानुजगंज

# कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) बलरामपुर–रामानुजगंज (छ.ग.)

क्रमांक / 851 / स्था / खनिज / 2017 बलरामपुर दिनांक 14/08/2017

## विज्ञापन

**आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि – 25/08/2017**

छत्तीसगढ़ शासन खनिज साधन विभाग मंत्रालय महानदी भवन, नया रायपुर के पत्र क्रमांक एफ7–38 / 2016 / XII / नया रायपुर दिनांक 11 जुलाई 2017 के द्वारा दिए गए निर्देशों एवं पद संरचना के स्वीकृति के आधार पर जिला खनिज संस्थान न्यास मद अन्तर्गत निम्नलिखित पदों पर संविदा आधार पर नियुक्ति हेतु बलरामपुर–रामानुजगंज जिले के अभ्यर्थियों से आवेदन पत्र आमंत्रित किये जातें हैं :–

### विज्ञापित पदों का विवरण

| क्रं. | स्वीकृत पद का नाम | मासिक संविदा वेतन | रिक्त पदों की संख्या | रिक्त पदों का वर्गवार विवरण | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | अनारक्षित | अ.पि.व. | अ.जा. | अ.ज.जा | योग |
| 1 | विकास सहायक (संविदा) | 75000.00 | 01 | 01 | – | – | – | 01 |
| 2 | भृत्य (संविदा) | 8470.00 | 01 | 01 | – | – | – | 01 |
| **योग** | | | **02** | **02** | – | – | – | **02** |

नोट :–

1. महिलाओं का शासन के नियमानुसार 30 प्रतिशत समस्तरीय एवं प्रवर्गवार आरक्षण दिया जावेगा।
2. विकलांगों को शासन के नियमानुसार 6 प्रतिशत समस्तरीय आरक्षण दिया जावेगा।
3. भूतपूर्व सैनिकों को शासन के नियमानुसार 10 प्रतिशत समस्तरीय आरक्षण दिया जावेगा।
4. अलग–अलग पदों के लिए अलग–अलग आवेदन करना अनिवार्य होगा।
5. आरक्षण की गणना अजा / अजजा संवर्ग के लिए बैकलॉग रिक्त पद समाहित कर ली गई है।

**आयु सीमा :–**

"छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (संविदा नियुक्ति) नियम 2012" के अनुसार दिनांक 01.01.2017 को न्यूनतम आयु सीमा 21 वर्ष एवं अधिकतम आयु सीमा 35 वर्ष होनी चाहिए। छ.ग.शासन के नियमानुसार / निर्देशानुसार आयु सीमा में छूट मान्य होगी।

**न्यूनतम शैक्षणिक अर्हता :–**

1. विकास सहायक (संविदा) – 1. किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक की डिग्री न्यूनतम 50 प्रतिशत् प्राप्तांक अथवा समतुल्य ग्रेड के साथ उत्तीर्ण और मान्यता प्राप्त संस्थान से प्रबंधन (Management) में स्नातकोत्तर उपाधि / डिप्लोमा। 2. Prime Minister's Rural Development Fellows Scheme (PMRDF) में Fellow के रूप में कार्य करने अथवा किसी समान पद पर 02 वर्ष का कार्य अनुभव अनिवार्य।
2. भृत्य (संविदा) – मान्यता प्राप्त संस्था से 8 वीं परीक्षा न्यूनतम 50 प्रतिशत् प्राप्तांक के सथ उत्तीर्ण।

**आवेदन की शर्ते :–**

1. आवेदन पत्र निर्धारित प्रारूप में करना अनिवार्य होगा। निर्धारित प्रारूप में आवेदन प्राप्त न होने पर उसे अमान्य किया जा सकता है। आवेदन पत्र का प्रारूप कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) जिला बलरामपुर–रामानुजगंज (छ.ग.) के सूचना पटल पर एवं जिले के वेबसाईट www.balrampur.gov.in में भी अवलोकन किया जा सकता है।
2. निर्धारित मापदण्डों के अनुरूप छान–बीन उपरान्त अभ्यर्थियों की सूची कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) जिला बलरामपुर–रामानुजगंज के सूचना पटल पर चस्पा किया जावेगा।
3. चयन प्रक्रिया के किसी भी स्तर पर आवेदक के अयोग्य पाये जाने पर उसके आवेदन पत्र निरस्त कर उसकी उम्मीदवारी समाप्त की जावेगी।
4. पद क्रमांक 01 हेतु छत्तीसगढ़ राज्य का मूल निवासी एवं पद क्रमांक 02 हेतु जिला बलरामपुर–रामानुजगंज के उम्मीदवारों से की जावेगी। आवेदन के साथ निवास प्रमाण पत्र की प्रमाणित छायाप्रति

संलग्न करें। पद क्रमांक–02 पर अन्य राजस्व जिला से संबंधित आवेदकों के आवेदन पत्रों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा और उनका आवेदन पत्र निरस्त माने जावेंगे।

5. विज्ञप्ति अनुसार पदों की संख्या बढ़ाई या घटाई जा सकती है। तद्नुसार नियुक्ति में आरक्षण का पालन किया जाएगा। विज्ञापित पदों में नियुक्ति आवश्यकता एवं औचित्य के आधार पर नियुक्तिकर्ता प्राधिकारी के विवेकाधीन होगी।
6. **आवेदन पत्र दिनांक** 25/08/2017**.....को सायं 05.00 बजे तक पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट से कार्यालय कलेक्टर (खनिज) जिला बलरामपुर–रामानुजगंज (छ.ग.) के नाम से भेज सकते हैं। निर्धारित तिथि उपरांत प्राप्त होने वाले आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किये जायेंगे।**
7. उपरोक्तानुसार एकमुश्त एकजाई वेतन देय होगा। इस वेतन पर विशेष वेतन, मंहगाई भत्ता, क्षतिपूर्ति भत्ता, गृह भाड़ा भत्ता इत्यादि नहीं दिया जावेगा तथा संविदा नियुक्ति के अधीन वार्षिक वेतन वृद्धि की पात्रता नहीं होगी।
8. शासन से प्राप्त निर्देशों के आधार पर मासिक संविदा वेतन देय होगा।
9. यह नियुक्ति दिनांक 28 फरवरी 2020 तक के लिए होगी। प्रदर्शन के आधार पर संविदा नियुक्ति की अवधि में वृद्धि की जा सकेगी। छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (संविदा नियुक्ति) नियम 2012 के प्रावधानों के अनुरूप नियुक्ति किया जावेगा।
10. शासकीय/अर्धशासकीय (कार्यालय/संस्था) में कार्यरत कर्मचारी अपना आवेदन पत्र नियोक्ता के अनापत्ति प्रमाण पत्र सहित प्रस्तुत करेंगे। नियोक्ता का अनापत्ति प्रमाण पत्र संलग्न नहीं होने पर आवेदन पत्र निरस्त कर दिया जावेगा। शासकीय तथा शासन से वित्तीय सहायता प्राप्त संस्था/निकाय से बर्खास्त/पदच्यूत आवेदक नियुक्ति के लिए अपात्र होगें।
11. रोजगार कार्यालय की जीवित पंजीयन क्रमांक एवं दिनांक का उल्लेख करें तथा प्रमाणित छायाप्रति आवेदन के साथ संलग्न करें।
12. विज्ञापित पद हेतु निर्धारित न्यूनतम अर्हता धारण न करने वाले अभ्यर्थी आवेदन न करें।
13. छत्तीसगढ़ शासन व्दारा समय–समय पर जारी नियम एवं निर्देश के अधीन ही नियुक्ति होगी।

कलेक्टर
बलरामपुर–रामानुजगंज

## —: आवेदन पत्र :—

| अभिप्रमाणित फोटो चस्पा करें |
|---|
| |

प्रति,

**कलेक्टर (खनिज शाखा)**
जिला बलरामपुर–रामानुजगंज

1. पद का नाम....................................................................................................
2. आवेदक का नाम : ....................................................................................
3. पिता / पति का नाम : ..............................................................................
4. जाति (अजा / अजजा / पिवर्ग / अनारक्षित) :..............................................
   (सक्षम अधिकारी द्वारा जारी प्रमाण–पत्र संलग्न करें)
5. जन्मतिथि : ................................................................................................
6. आयु (01.01.2017 के अनुसार) : ..............................................................
7. स्थायी पता : ............................................................................................
8. पत्र व्यवहार का पता : ..............................................................................
9. दूरभाष / मोबाईल नम्बर (यदि कोई हो ) : ..................................................
10. शैक्षणिक योग्यता :

| योग्यता | बोर्ड / वि.वि. का नाम | उतीर्ण वर्ष | विषय | पूर्णांक | प्राप्तांक | प्राप्तांको का प्रतिशत् |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |

11. अनुभव संस्था का नाम .................................................. पद का नाम ..............................

| अनुभव की अवधि | |
|---|---|
| अनुभव का कार्यक्षेत्र | |

(अनुभव प्रमाण पत्र संलग्न करें)

12. विशेष योग्यता 1. ..................................................................................
    2. ..................................................................................
13. निवासी : ..................................................................................
    (सक्षम अधिकारी द्वारा जारी मूल निवास प्रमाण की छाया प्रति संलग्न करें)
14. रोजगार कार्यालय का नाम : ..................................................................
    एवं जीवित पंजीयन क्रमांक : ..................................................................

आवेदक के हस्ताक्षर

(आवेदक का पूरा नाम)

## घोषणा पत्र

मैं घोषणा करता/करती हूँ कि मेरे द्वारा प्रस्तुत उपरोक्त सभी जानकारी मेरे विवेक से पूर्णतः सत्य है। इसमें कोई जानकारी गलत/असत्य पाये जाने पर मेरा आवेदन पत्र निरस्त किया जा सकेगा, तथा मेरे विरूद्ध कानूनी कार्यवाही की जा सकेगी। इन परिस्थितियों में नियुक्तिकर्ता अधिकारी को बिना बताये मेरे आवेदन/चयन/नियुक्ति को निरस्त करने का अधिकार होगा एवं उसका निर्णय मुझे मान्य होगा।

स्थान :

दिनांक :

आवेदक के हस्ताक्षर

(आवेदक का पूरा नाम)

**संलग्न प्रमाण पत्रों/अभिलेखों की सूची**

1. ....................................................................
2. ....................................................................
3. ....................................................................
4. ....................................................................
5. ....................................................................
6. ....................................................................
7. ....................................................................
8. ....................................................................
9. ....................................................................